दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 200 मुरादाबाद 17 November 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## अगले साल भारत में होगा जी20 शिखर सम्मेलन, इंडोनेशिया ने सौंपी अध्यक्षता




इंडोनेशिया के बाली में चल रहे जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान जी7 देशों के नेताओं ने मिसाइल हमले को लेकर चर्चा की। अमेरिका ने कहा कि हम नाटो के एक-एक इंच क्षेत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। बाइडन ने कहा कि हम यूक्रेन का समर्थन करते हैं जैसा पहले करते आ रहे हैं। उधर, पीएम मोदी ने सम्मेलन के अंतिम दिन अपना संबोधन दिया। इंडोनेशिया के बाली में चल रहे जी20 शिखर सम्मेलन का आज अंतिम दिन है। पीएम मोदी आज कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ मुलाकात करेंगे। शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मोदी सोमवार रात यहां पहुंच गए थे। मोदी ने यहां कई बैठकों में हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने सम्मेलन के अंतिम दिन अपना संबोधन दिया। मोदी ने कहा कि भारत जी20 का जिम्मा ऐसे समय ले रहा है जब विश्व जियो पॉलिटिकल तनावों, आर्थिक मंदी और ऊर्जा की बढ़ी हुई कीमतों और महामारी के दुष्प्रभावों से एक साथ जूझ रहा है। ऐसे समय विश्व जी20 की तरफ आशा की नजर से देख रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बाली में जी20 शिखर सम्मेलन में बातचीत की। विभिन्न विषयों पर उनके बीच सार्थक विचार-विमर्श हुआ। दोनों नेताओं ने चर्चा की कि रक्षा संबंधों को कैसे बढ़ाया जाए, सतत विकास और आर्थिक सहयोग को बढ़ाया जाए। भारत 1 दिसंबर से आधिकारिक तौर पर G20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में भारत को त्र20 की अध्यक्षता सौंपी। पीएम ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। हम अपने विभिन्न शहरों और राज्यों में बैठकें आयोजित करेंगे। हमारे अतिथियों को भारत की अद्भुदता, विविधता, समावेशी परंपराओं और सांस्कृतिक समृद्धि का पूरा अनुभव मिलेगा।जी20 शिखर सम्मेलन अगले साल भारत में होने जा रहा है। इंडोनेशिया ने जी20 सम्मेलन की अध्यक्षता भारत को सौंप दी है। #WATCH इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने बाली शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में भारत को त्र20 की अध्यक्षता सौंपी। पीएम मोदी ने जी20 सम्मेलन को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि भारत जी20 का जिम्मा ऐसे समय ले रहा है जब विश्व जियो पॉलिटिकल तनावों, आर्थिक मंदी और ऊर्जा की बढ़ी हुई कीमतों और महामारी के दुष्प्रभावों से एक साथ जूझ रहा है। ऐसे समय विश्व जी20 की तरफ आशा की नजर से देख रहा है। भारतीय विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि पीएम मोदी आज जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी मिलेंगे। इससे भारत-यूके की व्यापक साझेदारी की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा। बहुक्षेत्रीय साझेदारी की समीक्षा के लिए प्रधानमंत्री इटली के पीएम से भी मिलेंगे। मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि यह हम जी-20 नेताओं की जिम्मेदारी है कि डिजिटल परिवर्तन के लाभ मानव जाति के एक छोटे से हिस्से तक ही सीमित न हों।मोदी ने कहा कि पिछले साल भारत के 40% से अधिक रीयल टाइम भुगतान यूपीआई के जरिए हुए।

इसी तरह, हमने डिजिटल पहचान के आधार पर 460 मिलियन नए बैंक खाते खोले। भारत आज वित्तीय समावेशन में आगे हो गया है। पीएम मोदी ने जी20 समिट में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के तीसरे चरण को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के भारत के अनुभव ने हमें दिखाया है कि अगर हम डिजिटल आर्किटेक्चर को समावेशी बनाते हैं, तो यह सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन ला सकता है। पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्विपक्षीय वार्ता की। मोदी इंडोनेशिया, स्पेन, सिंगापुर, जर्मनी, इटली, ऑस्ट्रेलिया और यूके के नेताओं से भी वार्ता करेंगे।

## योगी कैबिनेट में नई पर्यटन नीति को मिली मंजूरी, 5 दिसंबर से विधानमंडल का शीतकालीन सत्र



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार यानी आज लोकभवन में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नई पर्यटन नीति को मंजूरी मिल गई है। कैबिनेट बैठक में राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 5 दिसंबर से शुरु करने का निर्णय लिया गया। शीतकालीन तीन दिन का होगा। इस दौरान अनुपूरक बजट भी आएगा यूपी सरकार गांवों में देगी पर्यटन को बढ़ावा, घर को बना सकेंगे होटल-लाज

कैबिनेट बैठक में नई पर्यटन नीति को मंजूरी दी गई। महलों, पुरानी हवेलियों को हेरिटेज होटल के तौर पर विकसित करने का प्राविधान किया गया है। गांवों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी पर्यटन नीति में व्यवस्था की गई है। गांवों के इच्छुक लोग अपने मकानों को होटल, लाज के तौर पर विकसित कर सकेंगे।

### योगी कैबिनेट में कई अहम प्रस्ताव और नीतियों पर चर्चा

लोकभवन में योगी आदित्यनाथ सरकार की कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। बैठक में 10 से 12 फरवरी तक प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर भी प्रस्ताव आने की भी संभावना है। इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग नीति को लेकर भी कैबिनेट की बैठक में चर्चा होगी।

### नई या संशोधित नीतियों को मिल सकती है स्वीकृति

बता दें कि योगी सरकार 10 से 12 फरवरी तक प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश लाने के लिए कई नीतियों में संशोधन कर निवेशकों को आकर्षित करना चाहती है। सूत्रों ने बताया कि सीएम योगी की अध्यक्षता में होने वाली इस कैबिनेट बैठक में नई या संशोधित नीतियों को स्वीकृति मिल सकती है

## मायावती को खटक रहा भाजपा का पसमांदा मुस्लिमों की ओर झुकाव, बोलीं- ये बीजेपी आरएसएस का नया शिगुफा

यूपी में भाजपा पसमांदा मुस्लिमों पर फोकस कर रही है। लखनऊ के बाद आजम खान के क्षेत्र रामपुर में भाजपा का पसमांदा मुस्लिम सम्मेलन बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती को खटक रहा है। पसमांदा मुस्लिम समाज की ओर भाजपा का बढ़ता झुकाव देखकर आज मायावती ने ट्वीट के जरिए जमकर हमला बोला। मायावती ने हमलावर होते हुए कहा कि ये भाजपा और आरएसएस का एक नया शिगुफा है।भाजपा की नीयत, नीति एवं उनका ट्रैक रिकार्ड किसी से छिपा नहीं-बसपा



सुप्रीमों ने ट्वीट कर भाजपा पर निशाना साधा। मायावती ने कहा कि अपने केवल संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ की खातिर 'पसमांदा मुस्लिम समाज' का राग भाजपा व आरएसएस का अब नया शिगुफा, जबकि मुस्लिम समाज पहले मुसलमान हैं तथा उनके प्रति इनकी सोच, नीयत, नीति एवं उनका ट्रैक रिकार्ड क्या व कैसा है यह किसी से भी छिपा नहीं।मुस्लिम समाज के प्रति निगेटिव सोच रखती है भाजपा-बसपा प्रमुख बोलीं भाजपा की मुस्लिम समाज के प्रति निगेटिव सोच का परिणाम है कि इनकी सरकार में भी वे लगभग उतने ही गरीब, पिछड़े, त्रस्त एवं जान-माल-मजहब के मामलों में असुरक्षित हैं जितने वे कांग्रेसी राज में थे। मुस्लिम समाज का, दलितों की तरह पसमान्दा व उपेक्षित बने रहना अति-दुःखद व दुर्भाग्यपूर्ण।भाजपा सरकार में दलित, पिछड़ा एवं अक्लियत समाज उपेक्षित-जबकि बीएसपी की यूपी में चार बार रही सरकार में सर्वसमाज के हित-कल्याण व सुरक्षा-सम्मान के साथ-साथ हमेशा उपेक्षित रहे दलित, पिछड़ा एवं अक्लियत समाज के लोगों के जान-माल-मजहब आदि की सुरक्षा तथा न्याय की गारंटी यहां पहली बार कानून द्वारा कानून का राज स्थापित करके सुनिश्चित की गई। जानकारी दी जा रही है। वहीं लखनऊ के बाद रामपुर में भाजपा ने एक बड़ा पसमांदा सम्मेलन भी किया था। जिसमें डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी पहुंचे थे।

## पीएम आवास उज्जवला गैस 1 महीने में दो बार राशन पाने पर लोगों में भाजपा के प्रति उत्साह देखा गया- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़- धनीपुर वार्ड नंबर 36 में पीएम आवास उज्जवला गैस 1 महीने में दो बार राशन पाने पर लोगों में भाजपा के प्रति उत्साह देखा गया- राकेश कुमार सिंह भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने गांव धनीपुर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया समस्याएं देखें भाजपा किसान मोर्चा पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि गांव धनीपुर वार्ड नंबर 36 में अधिकांश गरीब लोगों को पीएम आवास मिले हैं जो लोग किराए पर रहते थे उनको पीएम आवास मिलाएं जिनके पास प्लॉट थे उनको ही पीएम आवास मिला पीएम आवास पा करके लोग काफी खुश हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी



कहा है कि भ्रमण करते समय लोगों के अंदर भाजपा के प्रति उत्साह देखा गया पीएम आवास पाने वाले लोग काफी खुश नजर आए मोदी जी योगी जी की वजह से लोगों को रहने के लिए क्षति दी गई किराए के मकान में रहते थे परेशान थे गरीब आदमी मकान का किराया तक नहीं दे पाता था मजदूरी पर कार्य करते थे आज वह लोग मकान के अंदर हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि महीने में दो बार राशन मिलने पर लोगों को बड़ी राहत है अत्यंत गरीब लोगों के सामने खाने के संकट पैदा हो रहे थे आज राशन पा करके काफी खुशनसीब हैं लोगों का साथ कहना है मोदी जी योगी जी ने .हम को खाना दिया है रहने के लिए मकान दिए हैं इससे ज्यादा हमें और क्या चाहिए हम मोदी जी को वोट देंगे हम योगी जी को वोट देंगे ऐसे जनता को कहते हुए देखा गया वार्ड नंबर 36 में अधिकांश लोगों को पीएम आवास मिले हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि लोगों को जो उज्जवला गैस योजना के अंतर्गत जो गैस उपलब्ध हैं उनसे भी लोग काफी खुशनसीब है पहले लकड़ी बिन कर खाना बनाते थे आज गैस मिलने पर उनके परिवारों में काफी भाजपा के प्रति उत्साह देखा गया लोगों के मुख पर दो ही नाम योगी मोदी जय श्री राम

## प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत बने आवासों की चाबियां



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अकराबाद - विकास खंड कार्यालय पर बुधवार को ब्लाक प्रमुख ठा. राहुलसिंह ने क्षेत्र में प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा बनवाये गये आवासों की चाबियां लाभार्थियों को सोंपी। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ने कहा योगी व मोदी सरकार की मनसा है कि गरीब वर्ग के लोगों का छत दिलवाकर उन्हें स्वालंबी बनाया जाये। उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार देश व प्रदेश में विकास की गंगा बहाने के काम में लगीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आवास की चाबी भेंट कर उनके सुखद जीवन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बीडीओ दीपक कुमार,योगेंद्र पालसिंह प्रधान, ठा.राजनसिंह, टीपीसिंह सहित समस्त ब्लाक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पारिवारिक कलह से युवक ने लगाई फांसी

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - श्रावस्ती पारिवारिक कलह मे हुई मारपीट से आक्रोशित युवक ने अपने घर मे फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनो को सुबह जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को भेज



दिया। थाना मल्हीपुर के ग्राम पंचायत बरगदहा के मजरा डिलवा निवासी रामपाल साहू 30 ) पुत्र रामसागर ने देर रात्रि को अपने घर के कमरे मे लगे कुण्डे के सहारे अपनी पत्नी की साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह कमरे का दरवाजा खोलने को परिजनो ने आवाज लगाई। लेकिन दरवाजा न खूलने पर खिड़की की सुराख से देखने पर अन्दर रामपाल का शव लटक रहा था। जिसपर परिजनो ने पुलिस चौकी जमुनहा को सूचना दिया। जिसपर पुलिस चौकी प्रभारी कृष्ण गोपाल राय ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़कर फंदे से शव को नीचे उतारा। जहां शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनो के अनुसार रामपाल का अपनी पत्नी से किसी बात पर झगड़ा हुआ था। जिससे गुस्साई पत्नी ने अपने मायके से माता पिता को बुला लिया। देर शाम को दोनो के आने पर रामपाल को पत्नी सहित सास व ससुर ने पिटाई करके उसकी पत्नी को वापस घर लेकर चले गये। देर रात्रि को रामपाल ने अपनी पत्नी को वापस आने के लिए फोन किया। लेकिन ससुराल वालो ने उसको भेजने से मना कर दिया। जिससे आक्रोशित रामपाल ने कमरे का दरवाजा बन्द कर अपनी पत्नी की ही साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी।

## चोरों के हौसले इतने बुलंद एक ही रात में दो घरों में किया चोरी



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - तुलसीपुर श्रावस्ती थाना सोनवा क्षेत्र मे तुलसीपुर के मजरा जुनेठा मे चोरी ने दो अलग-अलग घरों मे किया चोरी। भगवानदीन पुत्र राजाराम के घर में चोरो ने घर का दरवाज़ा तोड़कर घर मे धुस गये घर मे रखा सामान व बाक्स मे रखा25000 नगदी व ज़ेवर लेकर चोर फरार हो गए। तथा उसी रात में चोरो ने अखिलेश पासवान पुत्र हरिराम के घर पर चोरों ने दीवार लांघ कर घर मे रखा सामान तथा अलमारी तोड़कर अलमारी में रखा 15000 नगदी व जेवरात लेकर चोर फरार हो गए। भगवानदीन व अखिलेश पासवान ने थाना सोनवा में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है

## दुर्घटना मे घायल युवक की हुई मौत

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - मेला देखकर लौट से दो सगे भाइयो की बाइक डिवाइडर से टकरा जाने से दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिसमे एक की देर रात्रि को मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना मल्हीपुर के खमरिया निवासी जगतराम मौर्य ( 30 ), राजेन्द्र प्रसाद( 25 )पुत्रगण मुसे मौर्य पड़ोसी जनपद बहराइच के होलिया मेला से बाइक से कलकलवा मार्जिनल बांध से होकर वापस घर लौट रहे थे। सरहदी कोदिया गांव स्थित बुधई दास कुटी के पास बाइक



अनियंत्रित होकर डिवाडर से टकरा गई थी। जिससे दोनो भाई गंभीर रूप से घायल हो गये थे। परिजनो ने घायलो को सीएचसी मे भर्ती कराया था। जहां राजेन्द्र की हालत गंभीर देखकर उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया था। जहां देर रात्रि को रास्ते मे ही राजेन्द्र की मौत हो गई। परिजनो ने मृतक राजेन्द्र का अंतिम संस्कार कर दिया।

## टाप टेन अपराधी ने छात्रा को रोककर जबर्दस्ती बात करने लगा विरोध करने पर उसने छात्रा को थप्पड़ जड़ दिया

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अलीगढ़ में अपराधी बेखौफ हो गए हैं। इसका ताजा उदाहरण सिविल लाइन के घंटाघर में देखने को मिला। यहां एक टाप टेन अपराधी ने छात्रा को रोककर जबर्दस्ती बात करने लगा विरोध करने पर उसने छात्रा को थप्पड़ जड़ दिया सिविल लाइन थाना क्षेत्र के घंटाघर पर इगलास के टाप 10 अपराधी व पूर्व प्रधान बबलू ने एक परिचित छात्रा को थप्पड़ जड़ दिया। आरोप है कि बबलू ने छात्रा पर जबरन बात करने का दबाव बनाने लगा। इस पर छात्रा स्कूटी छोड़ खुद को बचाकर एसएसपी कार्यालय पहुंच गई, जहां बबलू भी पीछा करते हुए आ गया। पुलिस ने आरोपित बबलू को पकड़ लिया है। छात्रा की तहरीर पर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### डीएस कालेज में विधि की छात्रा है पीड़िता

क्वार्सी क्षेत्र के सुरेंद्र नगर इलाके में रहने वाली युवती डीएस कालेज में विधि की छात्रा है। पुलिस के मुताबिक, छात्रा इगलास क्षेत्र के एक संस्थान में भी पढ़ाई कर चुकी है। वहीं से उसका बबलू से परिचय हुआ। छात्रा दोपहर को अपने बीमार पिता का इलाज कराने को लेकर जेएन मेडिकल कालेज गई थी। वहां उसके पास बबलू का फोन आया। उसने छात्रा को मिलकर बात करने को कहा। छात्रा जब लौट रही थी कि बबलू ने उसे घंटाघर के पास रोक लिया और बात करने का दबाव बनाने लगा। छात्रा ने विरोध किया तो उसे थप्पड़ जड़ दिया।

### एसएसपी आफिस तक किया पीछा

इस पर छात्रा स्कूटी छोड़कर पैदल ही दौड़ती हुई एसएसपी दफ्तर पहुंच गई। इधर, बबलू भी पीछा करते हुए बुलट बाइक से वहां आ गया। छात्रा ने पुलिस कर्मियों को पूरी बात बताई। इसके बाद एसएसपी कार्यालय में शिकायत दे दी। एसपी देहात के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने बबलू को पकड़ लिया। सीओ तृतीय श्वेताभ पांडेय ने बताया कि छात्रा की तहरीर पर बबलू के विरुद्ध मारपीट व छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित हिरासत में है।

## थ्रेसर की चपेट में आने से किसान की हुई दर्दनाक मौत

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती भिनगा थाना के अंतर्गत ग्राम केवलपुर में रामचन्दर पुत्र राम सुमिरन उम्र 45 वर्ष अपने ही खेत मे थ्रेसर से धान की फसल की मडाई कराते समय हाथ थ्रेसर में फँस जाने के कारण थ्रेसर के अंदर चला गया । जिससे किसान राम चन्दर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# विद्युत संबंधी किसानों की न्यायोचित समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाये-डीएम

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें मूढापाण्डे क्षेत्र में चल रही चकबंदी में वरती जा रही अनियमित्ताओं के संबंध में तथा चकबंदी विभाग द्वारा किसानों का उत्पीड़न किये जाने, किसानों की सम्मान निधि न आने, ज्यादा गन्ने वालों की कम पर्ची आने तथा समितियों पर एनपीके /डीएपी न मिलने एवं बिलारी शुगर मिल द्वारा गन्ने का बकाया भुगतान न करने संबंधी प्रमुख समस्याएं आदि रखी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने किसानों की न्यायोचित समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने सहित किसानों की विभिन्न दिक्कतों के त्वरित निराकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने किसानों को अवगत कराया कि किसानों की समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा। मूढापाण्डे क्षेत्र में चकबंदी में गलत तरीके से चक काटे जाने तथा वरती गयीं अनियमित्ताओं के संबंध में जिलाधिकारी ने दूसरा डीडीसी तैनात करने के निर्देश दिये और कहा कि चकबंदी प्रकरणों की जांच की जायेगी जो भी दोयाी होगा कार्यवाही की जाएगी। फर्टिलाइजर की कमी के संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि एनपीके, डीएपी एवं यूरिया की सहकारी समितियों पर पर्याप्त उपलब्धता है तथा उर्वरक की आपूर्ति के संबंध में लगातार शासन के संपर्क में हैं। 20 नवम्बर को उर्वरक की एक और रैक उतर रही है। जिन सहकारी समितियों पर भण्डार खराब है जिलाधिकारी ने कहा कि बराबर वाली समितियों पर खाद पहुंचा दी जाये ताकि किसानों को किसी प्रकार की खाद लेने में कोई समस्या न हो। उन्होंने बताया कि जनपद में धान खरीद के 54 क्रय केन्द्र हैं और अभी खरीद में लक्ष्य से पीछे है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि अपना धान क्रय केन्द्रों पर तुलवाकर 72 घण्टे के अन्दर भुगतान पाये। विद्युत संबंधी शिकयतों के संबंध में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता एवं जे0ई0 को मिलकर निस्तारण कराने के निर्देश दिए हैं। किसान सम्मान निधि से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि एक हेल्पलाइन नम्बर जारी कर दें, ताकि किसान अपनी समस्याओं को अवगत करा सके। जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि यदि कोई समस्या है तो वह कार्यालय में आकर भी सीधे अवगत करा सकते हैं।

दीवार शुगर मिल के लेट चलने तथा वर्तमान में धीमी प्रगति से पेराई करने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने दीवान शुगर मिल के प्रबन्धक को पूरी क्षमता के साथ मिल चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी गन्ना मिलें इस वर्ष का भुगतान नियमित करते रहें। बिलारी शुगर मिल पर गन्ने का बकाया भुगतान रहने पर जिलाधिकारी ने तत्काल गन्ने का भुगतान करने के निर्देश बिलारी मिल को दिए। जो समस्यायें किसान दिवस में आईं है उन्हें कृषक बंधु लिखित में फोन नम्बर सहित दें, ताकि शिकायत के निस्तारण तथा आपको भी शिकायत के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि जो भी शिकायतें आयीं है उनका निस्तारण करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। सभी कृषक अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें और मिलते भी रहें ताकि फीडबैक भी मिलता रहें। उन्होंने कहा कि कोई समस्या है तो उसे बतायें जो निदान संभव होगा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि परिस्थितियों के अनुसार लगातार सुधार हो रहा है और होता रहेगा। जिलाधिकारी ने किसान दिवस में किसानों की सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आवारा पशुओं की समस्या के संबंध में किसानों से आह्वान किया जनसहभागिता योजना में सहयोग करें। जिलाधिकारी ने किसानों की शिकायत पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को जनता से बेहतर संवाद बनाने एवं आपस में सामन्जस्य बनाने के निर्देश दिए। मूढापाण्डे क्षेत्र के कई ग्रामों में चकबंदी का कार्य चल रहा है। डी0डी0सी0 द्वारा किसानों का उत्पीडन किए जाने तथा नक्शें के अनुरुप चक नही काटे जाने तथा एक ही मुकदमें में डीडीसी द्वारा दो-दो आदेश भी पारित किए जा रहे हैं, इस पर जिलाधिकारी ने किसानों का आश्वस्त किया कि प्रकरण की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। किसान दिवस में मुख्य अभियन्ता विद्युत, उप कृषि निदेशक/ जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, ए-आर कॉपरेटिव, उप निदेशक उद्यान, लीड बैंक मैनेजर, चकबंदी अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ग्रामीण, गन्ना, सिंचाई विभाग के अधिकारियों सहित शुगर मिल के प्रबन्धक एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा कृषकगण उपस्थित रहें।

# स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बेहतर माईक्रो प्लानिंग करें स्वास्थ्य विभाग-जिलाधिकारी

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के साथ ही नियमित टीकाकरण एवं संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय टास्कफोर्स बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने नेशनल हेल्थ मिशन, डिस्ट्रिक्ट टास्कफोर्स, नियमित टीकाकरण, रोग आदि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की गहनता पूर्वक बिन्दुवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों को और अधिक जनोन्मुखी बनाने एवं गुणात्मक सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को किए गये कार्यो की समीक्षा करने के निर्देश दिये हैं। आयुष्मान कार्ड में जनपद की प्रगति पिछले माह से खराब पाये जाने पर जिलाधिकारी ने आशाओं का सहयोग लेकर एवं बेहतर प्रयास कर गोल्डन कार्डो की प्रगति में वृद्धि करने के निर्देश दिये हैं। मण्डल में जनपद गोल्डन कार्ड में तीसरे स्थान पर होने पर जिलाधिकारी ने एमओआईसी को प्रथम स्थान पर बने रहने के निर्देश दिये। आयुष्मान भारत मुरादाबाद की स्थिति जनपद रामपुर से खराब होने पर जिलाधिकारी ने सीएमएस एवं एमओआईसी को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। । 102 नेशनल एम्बूलेंस के पहुंचने के औसत समय में संसय होने पर जिलाधिकारी ने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 संजीव वेलबाल को निर्देश दिये कि तीन टेस्ट कॉल करके देखें कि कितने समय पर एम्बूलेंस आ रही है तथा एम्बूलेंस की नियमित चैकिंग भी करते रहें। मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम में जनपद की प्रगति मण्डल में तीसरे नम्बर पर होने पर जिलाधिकारी ने सुधार लाने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि डिलीवरी वाली महिलाओं को सरकारी एम्बूलेंस से उनके घर तक छोडा जाये, सरकार ने जो भी सुविधा दी है उनको लाभार्थी को भी उपलब्ध करायें। एमओआईसी द्वारा इस कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाये। जनपद में आयुष्मान कार्ड में खराब प्रगति होने पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक आशा को प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया जाये।

# AIMIM महानगर मुरादाबाद कार्यालय पर सदस्यता अभियान



मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- **AIMIM** महानगर मुरादाबाद कार्यालय पर सदस्यता अभियान मे बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब से प्रभावित होकर महानगर अध्यक्ष हाजी वकी रशीद एडवोकेट के द्वारा यूसुफ शम्सी साहब ने मजलिस की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की और वार्ड 67 तम्बाकुवालान से संभावित उम्मीदवार का आवेदन किया और प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के मिशन जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव यूथ अहताशाम मंसूरी,अकबर वारसी, मो0 रैय्यान, मुबाशिर सैफ़ी, शावेज़ सैफ़ी, बबलू सैफ़ी, अहमद शम्सी, अब्दुल्लाह शम्सी, अब्दुल बासित शम्सी, इक़बाल सैफ़ी, मो रियाज़, अब्दुलरहमान शम्सी, शुजौरहमान, जसीम सैफ़ी, वसीम शम्सी, अब्दुल वाहिद मौजूद रहे।

# फ्री स्टाइल कुश्ती में चमके सूरज, आर्यन और हमजा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता में दूसरे दिन सूरज, आर्यन और हमजा ने अपने अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीते। इसके अलावा बालक और बालिका वर्ग के अलग-अलग भार में कई मुकाबले खेले गए। चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज में हो रहा है। मुख्य अतिथि के तौर पर संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मनोज कुमार द्विवेदी मौजूद रहे। अंडर-14 आयु 35 किग्रा भार बालक वर्ग में वाराणसी के सूरज प्रथम, मुरादाबाद मंडल के अयान द्वितीय, विंध्याचल मंडल के रमेश और गोरखपुर कृष्णा संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। 38 किग्रा भार वर्ग में मेरठ मंडल के आर्यन प्रथम, वाराणसी के बलराम द्वितीय, सहारनपुर के शौर्य और गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज के हिमांशु तृतीय स्थान पर रहे। 41 किग्रा में मेरठ के हमजा प्रथम, अलीगढ़ के ममतेश द्वितीय, प्रयागराज के सनी और गोरखपुर के अरनव प्रजापति तृतीय स्थान पर रहे। 44 किग्रा भार वर्ग में गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज के कृष्णा प्रथम, मेरठ के दानिश द्वितीय, सैफई के रोहित और देवीपाटन के विशाल तृतीय स्थान पर रहे। 48 किग्रा भार वर्ग में गोरखपुर के अमित यादव प्रथम, सैफई के हिमांशु द्वितीय, आगरा के गौरव तिवारी और वाराणसी के नागेश्वर तृतीय स्थान पर रहे। मेरठ के रौनक प्रथम, वाराणसी के करन द्वितीय, बस्ती के नारायण यादव और गोरखपुर के हिमांशु तृतीय रहे। सीनियर बालिका वर्ग फ्री स्टाइल 59 किग्रा में सहारनपुर की अवंतिका प्रथम, गोरखपुर की अन्नू द्वितीय, वाराणसी की वसुंधरा और अयोध्या की अनु तृतीय स्थान पर रही। 62 किग्रा में मेरठ की कंचन प्रथम, सहारनपुर की प्रीति द्वितीय, मिर्जापुर की दीक्षा और वाराणसी की गुड्डी तृतीय रहीं। 65 किग्रा भार वर्ग में गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज की अंशिका प्रथम, मेरठ की सृष्टि द्वितीय, आजमगढ़ की जया और बस्ती की अनिता चौधरी तृतीय रहीं।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

### 'One Earth, One Family…'

The 3-hour meeting between US President Joseph Biden and Chinese President Xi Jinping during the summit of G-20 countries in Bali city of Indonesia can be considered very important. Efforts to improve mutual relations through such dialogue can also be called positive. The US-China heads of state will also discuss Taiwan, Hong Kong, North Korea, the Russia-Ukraine war, as well as market and trade policies. Ruch must have been warned, so there must have been talk of some flexibility. The Chinese President may have suggested to the American counterpart not to cross the 'red line'. It is important that if the G-20 has to prove relevant and effective in today's context, first of all, a meaningful effort to end the US-China tension is very important. Global trade has been affected due to the 'strategic enmity' between the two countries, which naturally has an impact on the global economy. In such a divided scenario, Indonesian President Joko Widodo has handed over the chairmanship of the G-20 to Prime Minister Modi of India. This can prove to be a new dimension and chapter of diplomacy, as India-China relations have also been tense. However, the dialogue has definitely continued at the military and diplomatic level. Now after December 1, 2022, G-20 meetings and annual summits will be held in India only. India will also decide the agenda. Prime Minister Modi has given the motto of 'One Earth, One Family, One Future' for the G-20. This is a theme based on our ancient, eternal cultural thinking. Prime Minister Modi has been in favor of a meaningful role for the G-20 on issues such as global development, food, energy, environment, security, health and digital transformation. He will also interact with top world leaders on these issues. The G-20 summit continues in Bali. Although the forum was formed during the 'Asian Economic Crisis' of 1999, its importance increased when the global financial crisis turned into a recession in 2008 and during the challenges of the same era, the leaders of the G-20 countries met annually. Summit was also added. This was very important for global dialogue. The forum was kept flexible and without a fixed secretariat, all decisions were taken by consensus. The G-20 proved to be very effective during 2008-09. Mutual coordination in policy-making could reduce the side effects of the global economic crisis and agreements were also made to share mutual tax data. Since then, expanding from the basic goal of improving the climate of economic policies, the G-20 has also taken on issues such as climate change and terrorism. Discussed them, but the results were not very positive. Rather they can be called disappointing. India now has a golden opportunity to bring the G-20 back on track and make it truly relevant globally. Undoubtedly, G-20 countries account for 85 percent of the world's GDP, more than 70 percent of trade is done by G-20 countries, more than 66 percent of the world's population resides in these countries. multifaceted. As a result the findings have failed. Now it would be better if this forum puts its primary focus on its basic objective of creating a positive environment for the global economy. If the economy is strong, then the mutual relations between the countries will also not be sweet and diplomatic. Its initiative should be taken on behalf of countries like America, China, India, Japan, France, Britain etc. War is not a solution. If the G-20 decisively follows through on its new motto, the face of the world will change.

# Meenakshi left the industry at the top of her career, went to the US and became a 'chef'

Actress Meenakshi Seshadri, who ruled the hearts of the audience with her beauty and performance in the 80's and 90's, is far away from Lime Light today. Today is the birthday of Meenakshi, who has given more than one film in her career. Today i.e. on 16 November, she has turned 58 years old. Meenakshi, who ruled the industry for a long time, disappeared from the film world after marriage and started living a simple life. Today we are going to tell you many special things related to Meenakshi on her birthday. Meenakshi was at the top of the industry when no one even knew Madhuri Dixit. Meenakshi won the title of Miss India in the year 1981 at the age of just 17. After this, she represented India for the Miss International contest in Tokyo in the same year. What was it then, everywhere only Meenakshi's pictures were printed in newspapers and magazines. Then actor Manoj Kumar saw the picture of Shashikala published in the newspaper and got convinced of her beauty. Manoj Kumar had decided to sign Shashikala as an actress in his film. Manoj signed Meenakshi for his film Painter Babu! This was the first time Shashikala aka Meenakshi faced the camera forthe first time. Although this film was a flop. Subhash Ghai gave this name to Meenakshi-After Manoj Kumar, Shashikala aka




Meenakshi Sheshadri was noticed by director Subhash Ghai, known as Show Man. Subhash Ghai had decided that he would launch the actress with his film 'Hero' and he did. But here the matter rested on the name of Meenakshi. Manoj Kumar and Subhash Ghai suggested Meenakshi to change her name. On the other hand, Subhash Ghai considered Akshar to be lucky. So he asked the actress to change her name from Shashikala to Meenakshi. What was it then, he never looked back in his career. Meenakshi has done many hit films with superstars like Dev Anand, Amitabh Bachchan, Sanjay Dutt, Mithun Chakraborty, Sunny Deol, Anil Kapoor. Bawarchi became after the actress - Meenakshi made films when she was at the peak of success in her career. Had said goodbye. After this, in the year 1995, she married investment banker Harish Mysore and settled in Texas, USA. Staying here, Meenakshi runs her own dance school, named 'Meenakshi Cherish Dance School'. Recently, Meenakshi took an entry on the Indian Idol show. Meenakshi had brought South Indian food for everyone on the sets with her own hands. While feeding everyone, Meenakshi had said, I went to the US and became a mother, became a wife, became a dancer and now I have also become a cook.

# प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए सोशल सेक्टर की हर योजना का लाभः -श्री केशव प्रसाद मौर्य

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री जी श्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह जनप्रतिनिधियों का पूरा सम्मान करें और जनहित व सार्वजनिक हितों से जुड़े हुए जो भी काम जनप्रतिनिधि बतायें, उन्हें पूरी तत्परता के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा यदि कोई कार्य नहीं होने वाला है तो उसके लिए जनप्रतिनिधियों को पूरी तरह से वस्तु स्थिति से अवगत करते हुए उन्हें संतुष्ट करें। यदि कोई कार्य ऐसा है जो जिला लेवल, तहसील लेवल, या ब्लॉक लेवल से नहीं होने वाला है और मुख्यालय से होने वाला है तो उसे मुख्यालय लखनऊ व शासन को प्रकरण भेजना सुनिश्चित करें। श्री मौर्य आज जनपद एटा में प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौधरी की मौजूदगी में जिले के विकास व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।उन्होंने विभिन्न विकासपरक व सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी हासिल की और कहा की हर योजना के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र लोगों को हर हाल में दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि सोशल सेक्टर की योजनाओं का लाभ हर पात्र को मिलना ही चाहिए, विकास कार्य धरातल पर नजर आने चाहिए। अधिकारी गांवों में जाकर विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को परखें और जहां पर जो कार्यवाही की जरूरत है,

उसे पूरी तत्परता के साथ पूरा करें। पुलिस लाइन एटा में आयोजित बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना ,मनरेगा, अमृत सरोवरो के निर्माण, ग्रामीण आजीविका से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों, बी सी सखी, विद्युत सखी, स्वच्छ भारत मिशन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत ,कन्या सुमंगला योजना ,जल जीवन मिशन, रोड नेटवर्क तथा गांव गरीब के कल्याण की चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन व प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा जन समस्याओं का निराकरण पूरी गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ किया जाए।

# अपंजीकृत क्लीनिक सील किया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- सीएमओ डॉ. उमेश चंद्र त्रिपाठी से की शिकायत के बाद एटा-गंजडुंडवारा रोड स्थित रामनगर बरौलिया स्थित अपंजीकृत क्लीनिक सील किया गया है। इसके अलावा वाहनपुर में दो अपंजीकृत क्लीनिक संचालकों को अभिलेख न दिखाने पर नोटिस दिया गया है। अपंजीकृत नोडल अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार ने बताया कि रामनगर बरौलिया में अपंजीकृत क्लीनिक का संचालन करने की शिकायत हुई थी। इस पर सीएमओ की ओर से क्लीनिक को सील करने के निर्देश दिए गए। सीएमओ के निर्देश पर उन्होंने मंगलवार को रामनगर बरौलिया में संचालित डॉ. ओमेन्द्र यादव के क्लीनिक को सील किया है। क्लीनिक संचालक कोई भी पंजीकरण संबंधी अभिलेख नहीं दिखा सके। उन्होंने बताया कि इसके अलावा वाहनपुर में अपंजीकृत एमडी क्लीनिक, शिवा क्लीनिक पर भी छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान क्लीनिक पर मौजूद मिले संचालकों से पंजीकरण अभिलेख दिखाने के लिए कहा गया। दोनों पंजीकरण संबंधी कोई अभिलेख नहीं दिखा सके। दोनों क्लीनिक संचालकों को नोटिस दिया गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को की गई कार्रवाई में सप्ताहभर में स्पष्टीकरण देने के लिए संचालकों को किया गया है। स्पष्टीकरण न आने की स्थिति में संबंधियों पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ से हुई शिकायत के बाद नोडल अधिकारी ने की कार्रवाई सील क्लीनिक के संचालक को सप्ताह भर में स्पष्टीकरण देने को

# कोरिया से लौटे व्यक्ति सहित पांच को कोरोना

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- सर्दी बढ़ने के साथ ही जिले में कोरोना संक्रमण फैलने की शुरूआत हो गई है। सोमवार-मंगलवार में पांच कोरोना संक्रमित मिले हैं। इनको स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने पहुंचकर होम आइसोलेट कराया है। साथ ही परिजनों की कोरोना जांच के लिए सैंपल लिए हैं। मंगलवार को मलावन पॉवर प्लांट में कोरिया से वापस लौटा 55 वर्षीय व्यक्ति कोरोना संक्रमित निकला है। इसकी पोर्टल पर सूचना मिलने के बाद सीएचसी सकीट एमओआईसी डॉ. गौरव यादव ने टीम भेजकर कोरोना संक्रमित को होम आइसोलेट कराया। साथ ही प्लांट में 50 लोगों की कांट्रेक्ट ट्रेसिंग कराई गई। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व रविवार को मलावन प्लांट में शुक्रवार को कोरिया से लौटकर आए व्यक्ति ने संक्रमण के लक्षण दिखने पर आरटीपीसीआर जांच कराई थी। इसमें वह संक्रमित निकला है। इससे पूर्व सोमवार को ब्लॉक निधौलीकलां क्षेत्र में चार कोरोना संक्रमित पाए गए है। कोरोना संक्रमित ब्लॉक क्षेत्र के गांव धौलेश्वर में 45 वर्षीय महिला, नगला नरे 27 वर्षीय महिला, गुढ़ा में 60 वर्षीय पुरुष और सहबाजपुर में 45 वर्षीय महिला कोरोना संक्रमित मिली है। पोर्टल पर कोरोना संक्रमित निकलने की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय हो गई। सीएचसी निधौलीकलां के एमओआईसी डॉ. अनुज ने चारों कोरोना संक्रमितों को होम आइसोलेट करने के लिए टीमों को भेजा है। टीमों ने संक्रमितों के घर जाकर 120 लोगों की कांक्ट्रेट ट्रेसिंग की है। एमओआईसी ने बताया कि सोमवार को सीएचसी पर आए इन लोगों की रेण्डमली जांच की गई, जिसमें यह कोरोना संक्रमित पाए गए। किसी में भी कोरोना संक्रमण के लक्षण नहीं है। सभी स्वस्थ्य है। जिले में पांच कोरोना संक्रमित निकलने के बाद कुल पॉजिटिव संख्या 12,314 हो गई है। करीब एक माह बाद जिले में पुन कोरोना संक्रमण शुरू हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने जिले में अब तक आठ लाख, 41 हजारए 880 लोगों की कोरोना जांच करायी जा चुकी हैं। कोरिया से लौटे व्यक्ति सहित पांच को कोरोना कोरिया से लौटे व्यक्ति सहित पांच को कोरोना निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं हो रही कोरोना जांच जनपद में शासन से निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कोरोना जांच नहीं हो रही है। जिले में महज प्रतिदिन 300 से 400 लोगों की कोरोना जांच हो पा रही है। जबकि शासन से प्रतिदिन दो हजार लोगों की कोरोना जांच कराने का लक्ष्य दिया है। निर्धारित जांच न होने से जिले में कोरोना संक्रमण बढ़ने की आशंका बनी हुई है। दो दिन में पांच कोरोना संक्रमित मिले हैं। इनको आरबीएसके टीमों को भेजकर होम आइसोलेट कराया गया है। संक्रमितों के परिवारों में टीमों ने कांट्रेक्ट ट्रेसिंग की है। मौसम बदलाव से कोरोना संक्रमित निकले हैं। लोग मौसम से बचाव को सावधानी बरते। कोरोना संक्रमण के लक्षण दिखने पर तत्काल जांच कराये।-डॉक्टर उमेश कुमार त्रिपाठी, सीएमओ, एटा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# शादी के मात्र तीन माह बाद ही विवाहिता की संदिग्ध मौत ,सास , ससुर गिरफ्तार




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शादी के मात्र तीन माह बाद ही विवाहिता की संदिग्ध एटा।कासगंज।मौत ,सास , ससुर गिरफ्तार , अन्य की तलाश। थाना सोरों में नरोत्तम सिंह पुत्र राम भरोसे लाल निवासी ग्राम खाता थाना सहावर ने लिखित तहरीर दी कि उसने अपनी पुत्री भावना उम्र लगभग 20 वर्ष काला विवाह 10/5/22 को ग्राम बरौंदा थाना सोरों के आशीष पुत्र सुखवीर के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ किया था

जिसमें 10 लाख से ज्यादा का दान दहेज दिया था किन्तु ससुराल से अतिरिक्त दहेज की मांग की जाती रही , तथा मांग पूरी नहीं होने पर दामाद आशीष पुत्र सुखवीर , सुखबीर पुत्र प्रताप सिंह , नीरेश देवी पत्नी सुखबीर और आशीष की बुआ का लड़का विशंभर पुत्र मोजी राम निवासी ग्राम जरैठ , अलीगढ़ ने बहुत मारपीट की तथा गला घौटने की कोशिश की जिसमें इलाज के दौरान भावना की मौत हो गई ।इस संबंध मे थाना , सोरों पर मु.अ .सं. 335/22 भादंवि धारा 498ए 304 बी और 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक बी बी जीटी एस मूर्ति के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक अपर जितेन्द्र दुबे के पर्यवेक्षण में सोरों पुलिस ने अभियुक्त , ससुर सुखबीर , साथ नीरेश देवी को गिरफ्तार कर लिया। बाकी अन्य की तलाश बताई जाती है।

# नक्सलियों ने उपसरपंच को गला रेतकर मार डाला, गांव में फेंका शव, देर रात अगवा कर ले गए थे

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने एक बार फिर से आतंक मचाना शुरू कर दिया है। पुलिस मुखबिरी के शक में बार-बार नक्सलियों के निशाने पर ग्रामीण आ रहे है। अब नक्सलियों ने एक उप सरपंच की अगवा कर हत्या कर दी। उसका शव गांव में ही फेंककर भाग निकले। मारे गए उप सरपंच का भाई भी सरपंच है। छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक बार फिर नक्सलियों ने एक युवक की हत्या कर दी। इस बार नक्सलियों ने उप सरपंच को निशाना बनाया है। नक्सली मंगलवार देर रात उसे घर से अगवा कर ले गए थे। इसके बाद धारदार हथियार से गला रेतकर उसे मार डाला। फिर गांव में शव फेंककर भाग निकले। युवक का भाई भी सरपंच है। वारदात की पुष्टि स्क्र शलभ सिन्हा ने की है। मामला आमाबेड़ा थाना क्षेत्र का है।



## घर में घुसकर किया था अपहरण

जानकारी के मुताबिक, गांव हुर्रापिंजोडी निवासी मनकेर हुर्रा ( 35 ) उप सरपंच था। उसका भाई भी गांव का सरपंच है। बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात 5-6 नक्सली उसके घर में घुस गए। इसके बाद मनकेर को अगवा कर अपने साथ ले गए और जंगल में धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया। हत्या के बाद नक्सलियों ने शव गांव में ही फेंक दिया। अगले दिन सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी।

## जवानों की टीम मौके पर पहुंची, सर्चिंग जारी

आमाबेड़ा थाने से जवानों की एक टीम गांव पहुंची। उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि गांव नक्सल प्रभावित है। उप सरपंच की हत्या नक्सलियों ने क्यों की है, इसका कारण अभी पता नहीं चल सका है। हालांकि पुलिस मुखबिरी के संदेह में हत्या की आशंका जताई जा रही है। जवानों ने जंगल में भी सर्च ऑपरेशन चलाया है। जवानों के लौटने का इंजतार किया जा रहा है।

## इस साल नक्सलियों ले चुके आठ लोगों की जान

- ■ 10 नवंबर - छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर एक युवक को मारकर फेंका था।
- ■ 27 अगस्त - कोंडागांव में एक ग्रामीण की जान ली।
- ■ 2 मई - दंतेवाड़ा के कटेकल्याण इलाके के एक कोटवार की हत्या।
- ■ 28 अप्रैल - दंतेवाड़ा के ही नीलावाया में एक दिव्यांग युवक की हत्या।
- ■ 17 मार्च -बीजापुर जिले के मद्देड क्षेत्र में पास्टर की हत्या।
- ■ 10 फरवरी - दंतेवाड़ा के टेटम में युवक की हत्या कर दी थी।
- ■ 7 जनवरी - बीजापुर के जांगला क्षेत्र में नक्सलियों ने जन अदालत लगाकर अपने ही दो साथियों की हत्या कर दी थी। ग्रामीणों ने भोंगी पोयाम और कोतरापाल को गद्दार बताते हुए मार दिया था।
- ■ 6 जनवरी - बीजापुर में ही नक्सलियों ने अपने एक साथी कमलू पुनेम और उसकी बहन को भी जनअदालत लगाकर मारा था। बाद में बताया था कि भाई-बहन पुलिस की मुखबिरी करते थे।

# महिला रेंजर को टांगी लेकर दौड़ाया, वनकर्मियों को पीटा, वारंट फाड़ा, छापा मारने पहुंची टीम पर हमला



वन कर्मचारी रविकुमार जगत और अरविन्द कुमार बंजारे ने उसे समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि राजू पात्रे उन दोनों के साथ विवाद करने लगा और मारपीट की। इस पर कर्मचारियों ने पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह बचकर वहां से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस उसकी तलाश कर रही है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में वन विभाग की टीम पर एक युवक ने हमला कर दिया। युवक ने महिला रेंजर को टांगी लेकर दौड़ा लिया और वनकर्मियों से मारपीट की। इस दौरान वारंट भी छीनकर फाड़ दिया और वहां से फरार हो गया। वन विभाग की टीम जंगल से लकड़ी चोरी की शिकायत पर छापा मारने के लिए पहुंची थी।

मामला वन परिक्षेत्र बेलगहना का है। इस संबंध में कोटा थाने में रेंजर चंद्राणी वंदे ने स्त्रद्धक्र दर्ज कराई है। रेंजर ने लिखित शिकायत में बताया है कि मंडल प्रबंधक कोटा परियोजना के शासकीय वनों में पेड़ों की कटाई की सूचना मिली थी। इस पर वनोपज की बरामदगी के लिए ग्राम करवा निवासी राजू पात्रे ग्राम और अन्य के खिलाफ तलाशी वारंट जारी हुआ था। इस पर कार्रवाई के लिए वह डिप्टी रेंजर रविकुमार जगत, अशोक कुमार साहू, मनोज करियाम, सहित अन्य कर्मचारियों के साथ वारंट की तामील के लिए पहुंची थीं। टीम ने राजू पात्रे के मकान की तलाशी ली तो वहां से सागौन की लकड़ी से बना हुआ फर्नीचर और सिलपट आंगन से बरामद हुए। उसे गाड़ी में रखवाने के बाद टीम घर की तलाशी कर रही थी। आरोप है कि तभी विरोध करते हुए राजू ने तलाशी वारंट फाड़ दिया और पास में रखे टंगिया को लेकर महिला रेंजर को दौड़ा लिया। उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। फिर वन कर्मियों को धमकी देना शुरू कर दिया।

# भानुप्रतापपुर उपचुनाव: कांग्रेस से सावित्री मंडावी उम्मीदवार, पति के निधन से खाली सीट पर पत्नी मांगेगी वोट

भानुप्रतापपुर से कांग्रेस विधायक और विधानसभा उपाध्यक्ष रहे मनोज मंडावी का 16 अक्तूबर को हार्ट अटैक से निधन हो गया था। इसके बाद इस सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा की गई है। भाजपा के बाद अब कांग्रेस ने भी अपने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। मनोज मंडावी की पत्नी और पूर्व विधायक के उतरने से चुनाव रोचक हो गया है। छत्तीसगढ़ में कांकेर के भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने बुधवार को अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। जैसा कि पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे, कांग्रेस ने दिवंगत विधायक मनोज मंडावी की पत्नी सावित्री मंडावी पर भरोसा जताया है। सावित्री मंडावी का नाम पहले से चर्चा में था। अब पार्टी हाईकमान ने भी उनके ही नाम पर मुहर लगाई है।



## कल नामांकन भरेंगी सावित्री मंडावी

भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 17 नवंबर है। ऐसे में कांग्रेस उम्मीदवार सावित्री मंडावी अंतिम दिन ही बुधवार सुबह करीब 11 बजे नामांकन भरेंगी। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित अन्य मंत्री और विधायक भी मौजूद रहेंगे। सीएम बघेल ने ही सावित्री मंडावी का नाम आगे किया था।

## शिक्षिका की नौकरी छोड़ राजनीति के मैदान में उतरीं

भानुप्रतापपुर से कांग्रेस विधायक और विधानसभा के उपाध्यक्ष रहे दिवंगत मनोज मंडावी की पत्नी सावित्री मंडावी एक शिक्षिका रही हैं। वह रायपुर के कटोरा तालाब स्थित एक सरकारी स्कूल में व्याख्याता थीं। चुनाव की घोषणा होने के बाद उन्होंने शिक्षिका के पद से इस्तीफा दे दिया था। तभी से कयास लगाए जा रहे थे कि कांग्रेस उन्हें पति की सीट पर उम्मीदवार बनाएगी।

## भाजपा से पूर्व विधायक ब्रह्मानंद नेताम हैं उम्मीदवार

वहीं एक दिन पहले ही भाजपा ने भी प्रत्याशी के नाम की घोषणा की है। पार्टी ने वहां से पूर्व विधायक ब्रह्मानंद नेताम को उम्मीदवार बनाया है। नेताम साल 2008 में भी भानुप्रतापपुर से विधायक रह चुके हैं। उन्होंने दिवंगत नेता मनोज मंडावी को ही चुनाव हराया था। ब्रम्हानंद नेताम की आदिवासियों में अच्छी पकड़ मानी जाती है।

## 5 दिसंबर को होना है मतदान

भानुप्रतापपुर से कांग्रेस विधायक और विधानसभा उपाध्यक्ष रहे मनोज मंडावी का 16 अक्तूबर की सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। इसके बाद भानुप्रतापपुर विधानसभा उप चुनाव के लिए अधिसूचना 10 नवंबर को जारी कर दी गई। इसी के साथ नामांकन भी शुरू हो गया। 17 नवंबर अंतिम तिथि होगी। पांच दिसंबर को मतगणना होगी और आठ दिसंबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे।


## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

| एन.राज शर्मा | निशाकांत शर्मा | सुमित गुप्ता |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | सहसंपादक | क्यूँ न लिखूँ सच |
| 9027776991 | 7906743371 | 9458664527 |